प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

1—गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, बांसमण्डी चौराहा, चारबाग, लखनऊ—226001

पत्रांकः—प्राशिप / परिषद / 2024 / 104 लखनऊःदिनांक— 09.01.2024

कार्यालय ज्ञाप

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग—3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या 2 / 2024 / आई465018 / 2024—16—3099 / 156 / 2019 दिनांक 05 जनवरी 2024 में उल्लिखित प्राविधान के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु राज्य द्वारा अनापत्ति (NOC) निर्गत करने की प्रकिया (नया संस्थान खोले जाने, नया पाठ्यकम प्रारंभ किये जाने, प्रवेश क्षमता में वृद्धि / कमी, संस्था क्लोजर इत्यादि) हेतु ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने के उद्देश्य से पोर्टल प्रारंभ किया जा रहा है।

1. नवीन संस्थान प्रारंभ करने हेतु Urise Portal पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवश्यक सूचना की प्रविष्टि व संबंधित अभिलेख अपलोड करते हुए (आवेदन शुल्क) रू0 5000 / — + (18 प्रतिशत जी0एस0टी0) रू0 900 / — कुल रू0 5900 / — का ऑनलाईन आवेदन शुल्क का भुगतान कर अनापत्ति (NOC) के लिए आवेदन सबमिट कर सकेंगे।

2. लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए सभी संस्थान उपरोक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन दिनांक 09—01—2024 से 31—01—2024 को रात्रि 11.59 बजे तक कर सकेंगे।

3. अतः उक्त सभी आवेदक संस्थाओं से अनुरोध किया जाता है कि वे शैक्षिक सत्र 2024—25 के लिए NOC/Consent of Affiliation प्राप्त करने हेतु Urise Portal पर समय से आवेदन करें। यदि किसी संस्थान को वेबसाइट पर एप्लीकेशन अपलोड करने में कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो वह इसके निवारण के लिए anuparishadbte@gmail.com पर ई0मेल0 प्रेषित कर अवगत करा सकते हैं।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, मध्य क्षेत्र / पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव